
# प्रभारी की कलम से..............

'उन्नत भारत अभियान भारत के ग्रामीण क्षेत्रों को समृद्ध करने हेतु शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा क्रियान्वित एक प्रमुख कार्यक्रम है। ग्रामीण क्षेत्रों को विकासोन्मुख और समृद्ध करने हेतु उच्च शिक्षण संस्थाओं को इस योजना से जोड़ा गया है, जिसका समन्वय आई.आई.टी. दिल्ली द्वारा किया जा रहा है। शिक्षा मंत्रालय, केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा संचालित सभी उच्च शिक्षण संस्थानों और उन्नत भारत अभियान योजना से संबद्ध संस्थानों के माध्यम से पिछड़े ग्राम पंचायतों को अपने संज्ञान में लेकर, उनके ग्राम और विशेषज्ञता का प्रयोग कर, ग्राम पंचायतों में होने वाली कमी और आने वाली सभी समस्याओं को दूर करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। एक ओर जहां नगरीय क्षेत्र शिक्षा, चिकित्सा, स्वच्छता एंव रोजगार आदि जैसी मूलभूत आवश्यकताओं से परिपूर्ण थे वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र इन मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे। अतः शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के मध्य इस अंतराल को समाप्त करने के लिए भारत सरकार ने उपरोक्त उद्देश्यों हेतु यह योजना लागू की। अपने–अपने क्षेत्र के सामाजिक–सांस्कृतिक परम्पराओं का संरक्षण एंव संवर्धन शिक्षण संस्थाओं का नैसर्गिक धर्म है। आर्थिक स्वावलंबन, जीवन जीने तथा किसी भी सामाजिक सांस्कृतिक विरासत को विकसित करते रहने की अनिवार्य शर्त है। महाविद्यालय अपने स्थापना काल से ही अपने इस उत्तरदायित्व का निर्वहन अत्यंत संवेदनशीलता एवं सजगता के साथ करता आ रहा है। इस उत्तर दायित्व के अन्तर्गत महाविद्यालय का प्रत्येक विभाग परिसर के आस–पास स्थित गांवों में से किसी एक गांव को गोद लेकर वहां की मूलभूत आवश्यकता जैसे– शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, रोजगार, कौशल विकास, सरकारी योजनाओं से परिचय एवं उनके लाभ के प्रति जागरूक करना, महिला आत्मनिर्भरता इत्यादि स्तरों पर अपने दायित्व का निर्वहन करता आ रहा है। उन्नत भारत अभियान की सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात महाविद्यालय के कुछ विभागों द्वारा अधिग्रहित गांवों का सर्वांगीण विकास करने के उद्देश्य से विशेष कार्य योजना बनाकर गांवों में व्यापक स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। इन प्रयासों में उन्नत अभियान के अन्तर्गत गोद लिए गए पांच गांव जंगल छत्रध ाारी, जंगल धूसड़, जंगल औराही, जंगल अहमद अलीशाह उर्फ तुर्रा एवं जंगल तिनकोनिया नं.02 के साथ–साथ दो अतिरिक्त गांव जंगल तिकोनिया नं0 01 व लक्ष्मीपुर को मिलाकर कुल 07 गांव को गोद लिया गया है। उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत अधिग्रहित पांच गांवों की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक उन्नति हेतु अहर्निश प्रयत्न गोद लिए गांवों के विकासात्मक अभियान में मील का पत्थर साबित होगा ऐसा हमें आशा एवं पूर्ण विश्वास है। उपरोक्त गांवों को गोद लेने वाले विभागों ने निर्धारित कार्ययोजना के साथ गोद लिए गए गांवों को विकासोन्मुख करने का अपना कर्तव्य इस सत्र में प्रारंभ किया जिनमें से कुछ क्रियाकलापों की झलकियाँ आपके समक्ष प्रस्तुत हैं–

**डॉ. मंजेश्वर**
**प्रभारी, उन्नत भारत अभियान**
**महाराणा प्रताप महाविद्यालय,**
**जंगल धूसड़, गोरखपुर**


Search Google Maps
Restaurants
Hotels
Things to do
Museums
Transit
Pharmacies
ATMs
Maharana Pratap PG College
Jungle Dhusad
Layers

# उन्नत भारत अभियान

## UNNAT BHARAT ABHIYAN

A flagship program of the Ministry of Education, Government of India
IIT Delhi as National Coordinating Institute of the program

विकसित भारत की ओर जाने के लिए और विद्यार्थियों में समाज के प्रति समर्पण भाव बनाने , लोक समस्या के बारे में अवगत करने के साथ ही साथ संवेदनशीलता खड़ा करने एवं गावो को सक्षम करने का एक प्रयास

**Transforming Higher Education and Villages for Atmanirbhar Bharat**

**शिक्षित भारत- सक्षम भारत- स्वस्थ भारत- संपन्न भारत- स्वावलम्बी भारत**

### THEMATIC AREAS OF THE PROGRAM




**Sustainable Agriculture System**



**Water Resource Management**



**Rural Energy Systems**



**Artisans, Industry & Livelihood**



**Basic Amenities** (School Education, Digital Education, Infrastructure, Others)

### INVITATION TO PARTICIPATE

- Faculty and students to be involved in village development plan in collaboration with district administration.
- Maharana Pratap Mahavidyalay, Jungle Dhushan, Gorakhpur is participating in UBA and adopted following villages for their development in collaboration with district administration.
- 1. Jangl Chhatra Dhari, 2. Jangl Ahmad Ali Shah Urf Tura, 3. Jangl Tinkonia No2, 4. Jangl Dhoosar, 5. Janglaurahi

**Maharana Pratap Mahavidyalay, Jungle Dhushan, Gorakhpur 's, UBA cell invites all faculty and students to join UBA to bring for transformational change in the villages. For participation in UBA activities, please contact coordinator mentioned below.**

**Prof. Virender Kumar Vijay**
National Coordinator
✆ : 01126596451, 01126591157
Office: Room No. 405, Block V , 3rd floor

**Dr. Manjeshwar**
(Coordinator UBA cell)
✆ : 8052416289
headeconomics@mpm.ac.in

**Web: www.unnatbharatabhiyan.gov.in**
**Email:unnatbharat@admin.iitd.ac.in**

# Maharana Pratap Mahavidyalay, Jungle Dhushan, Gorakhpur

**Head of Institute (HOI) Letter**

To
District Collector
Gorakhpur
Uttar Pradesh
Subject: Identification of villages under the Unnat Bharat Abhiyan, a flagship program of Ministry of Education, GoI.

Dear Sir,

Ministry of Education (MoE), Government of India has launched a flagship Program at National level called Unnat Bharat Abhiyan (UBA). with the vision to involve professional and higher educational institutions in the development process of rural areas in the country to achieve sustainable development and better quality of life and experiential learning among students. Indian Institute of Technology Delhi has been designated as the National Coordinating Institute by the Ministry of Education GoI for this program.

Our Institution/ University/ college/ Name of your Institute Maharana Pratap Mahavidyalay, Jungle Dhushan, Gorakhpur and AISHE Code C-14178 has agreed to participate in UBA as a Participating Institute (PI). Dr/ Mr/ Mrs (Name of Coordinator) Dr. Manjeshwar and (contact details) 8052416289, has been duly authorized in this regard from our side to carry on the activities of UBA in our organization as Project Coordinator.

Under the UBA program every Participating Institute is to connect with a cluster of villages near by Institution in consultation with the District Administration. This is to bring to your kind notice that we have proposed the following villages.

| S.No | Name of village | Panchayat Name | Block name | District | State |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Janglaurahi | Jangle Aurahi | Chargawan | Gorakhpur | Uttar Pradesh |
| 2 | Jangl Dhoosar | Jangl Dhoosar | Chargawan | Gorakhpur | Uttar Pradesh |
| 3 | Jangl Tinkonia No2 | Jangl Tinkonia No2 | Chargawan | Gorakhpur | Uttar Pradesh |
| 4 | Jangl Ahmad Ali Shah Urf Tura | Jangl Ahmad Ali Shah Urf Tura | Chargawan | Gorakhpur | Uttar Pradesh |
| 5 | Jangl Chhatra Dhari | Jangl Chhatra Dhari | Chargawan | Gorakhpur | Uttar Pradesh |

In view of the above the Project Coordinator may contact your officer for the purpose. We request you to please help and cooperate in the matter.

With regards

Your Sincerely

Signature of UBA Coordinator of PI

Stamp of P.I

# उन्नत भारत अभियान

| क्रं.सं. | ग्राम सभा | टोला | विभाग |
|---|---|---|---|
| 1. | जंगल औराही | – | भूगोल |
| 2. | जंगल धूसड़ | धोधड़ा<br>नवका टोला<br>ककरहिया<br>छोटी रेतवाहिया<br>बड़ी रेतवाहिया<br>हसनगंज<br>मंझरिया | गणित एवं सांख्यिकी<br>गृह विज्ञान<br>इतिहास एवं राजनीति शास्त्र<br>प्राचीन इतिहास<br>हिन्दी<br>शिक्षा शास्त्र<br>बी.एड्. |
| 3. | जंगल तिनकोनिया नं0 2 | सेखवनिया (विश्वकर्मापुरम) | वनस्पति विज्ञान |
| 4. | जंगल अहमद अली शाह उर्फ़ तुर्रा | रामपुर | रसायन विज्ञान |
| 5. | जंगल छत्रधारी | छोटी जमुनाहिया<br>बड़ी जमुनाहिया | मनोविज्ञान<br>कम्प्येूटर सांइस एवं कम्प्यूॅटर एप्लिकेशन |
| 6. | जंगल तिनकोनिया नं0 1 | केवटहिया | शारीरिक शिक्षा |
| 7. | लक्ष्मीपुर | लक्ष्मीपुंर | प्राणि विज्ञान |

# स्वच्छता एवं स्वास्थ्य

*महाविद्यालय के स्थापना काल से ही स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश निरंतर गांवों मे दिया जाता रहा है चाहे वह सामान्य कोविड–19 जब अपने चरम पर थी, संपूर्ण विश्व के चिकित्सीय संसाधन विफल थे ऐसे में तत्कालीन समय में भी, बचाव के प्राप्त सुझाव, एवं संदेशा अर्थात् दो गज की दूरी, सैनिटाइजर का प्रयोग, हाथों को बार–बार धोना, मास्क का प्रयोग इत्यादि को गांव में पहुँचाया गया। इसी क्रम में महाविद्यालय ने अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति एवं समाज सेवा की भावना का परिचय देते हुए महाविद्यालय की प्रयोगशाला में न सिर्फ डब्लू.एच.ओ. के मानक अनुसार सैनिटाइजर का निर्माण कराया अपितु विद्यार्थियों तथा शिक्षकों के सहयोग से बड़ी संख्या में मास्क निर्मित कराकर उन्हें गांवों में निःशुल्क वितरित करवाया तथा वैक्सीन उपलब्ध होने पर वैक्सीन लगवाने हेतु लोगों को जागरूक करने के साथ–साथ महाविद्यालय में वैक्सीन शिविर का आयोजन भी किया गया। स्वास्थ्य रक्षा, स्वच्छता के महत्व के प्रति समय–समय पर जन जागरूकता रैली तथा श्रमदान के माध्यम से ग्रामवासियों को जागरूक किया जाता है और इसी का परिणाम है कि गोद लिए गए पांचों गांव ककरहियां, हसनगंज, बड़ी रेतवहिया, छोटी रेतवहिया और मंझरिया खुले में शौच मुक्त घोषित हो चुके हैं। समय–समय पर महाविद्यालय इन पाँच गांवों में बाबा राघवदास मेडिकल कालेज, गुरु गोरक्षनाथ चिकित्सालय तथा पी.एच.सी चरगावां के चिकित्सकों के सहयोग से स्वास्थ्य जागरुकता संबंधी व्याख्यान तथा निःशुल्क चिकित्सा सेवा शिविर का आयोजन कर ग्रामवासियों को निःशुल्क दवा वितरित करता रहा है। ग्रामवासियों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए उन्हें स्वास्थ्य रक्षा एवं स्वास्थ्य जीवन हेतु महाविद्यालय सदैव प्रेरित करता रहता है। वैक्सीनेशन के उपरांत एक बार पुनः निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन आरंभ किया गया।*

## बी.एड्. विभाग द्वारा अभिगृहित ग्राम मंझरिया में पौधरोपण कार्यक्रम

**27 जुलाई, 2024**

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में बी.एड्. विभाग द्वारा उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत अभिगृहित ग्राम मिशन मंझरिया ग्राम में बी.एड्. के छात्राध्यापकों एवं शिक्षकों द्वारा पूर्व राष्ट्रपति ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम आजाद जी के पुण्यतिथि के अवसर पर पौधरोपण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पौधरोपण यानी पौधा लगाना यह प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आस–पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़–पौधा लगाना बहुत जरूरी है। पेड़–पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। मानव उपयोग के लिए पौधे अनेक उत्पाद प्रदान करते है। हर एक पेड़ पृथ्वी पर सभी जीवित जीवों के अस्तित्व का कारण है। इस अवसर पर बी.एड्. विभागाध्यक्ष श्रीमती शिप्रा सिंह ने उद्बोधन देते हुए कहा कि युवा विशेषकर छात्रों से प्रकृति की रक्षा के लिए गतिविधियां चलाकर जलवायु परिवर्तन द्वारा उत्पन्न गंभीर चुनौती से लड़नें में सक्रिय भूमिका निभाने का आहान किया तथा बताया कि राष्ट्रपति ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम जी का भी प्रकृति की रक्षा हेतु यही विचार था एवं उनके विचारों पर खरा उतरने के लिए सभी छात्र–छात्राओं से संकल्प दिलाया कि आगे वे स्वयं एवं समाज के अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करेंगे। इसी क्रम में विभिन्न प्रकार के जैसे जामुन, अमरूद, हरश्रृंगार सहित अन्य औषधीय पौधों का रोपण किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर सुश्री दीप्ति गुप्ता, श्री शैलेन्द्र सिंह, श्रीमती विभा सिंह, श्री जितेन्द्र प्रजापति, डॉ. अनुभा श्रीवास्तव अन्य शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।






# बी.एड्. विभाग के छात्राध्यापकों द्वारा अभिगृहीत ग्राम मंझरिया में शिक्षा का अलख जगाने हेतु जागरुकता अभियान

**29 जुलाई, 2024**

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में बी.एड्. विभाग द्वारा उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत विभाग के छात्राध्यापक द्वारा मिशन मंझरिया में शिक्षा का अलख लगाने हेतु घर–घर घूमकर अपने–अपने केन्द्र पर विद्यार्थियों को पढ़ने अपने के लिए जागरुकता अभियान चलाया, जिसमें सभी छात्राध्यापक गाँवों के घरों के निकट अलग–अलग केन्द्र स्थापित किये हुए है। उन केन्द्रों पर निकट घरों के छोटे बच्चे निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करने आते हैं। इन्हीं उद्देश्यों के लिए छात्राध्यापकों ने गांव में घूमकर बच्चों को आने के लिए समय बताया। ग्रामीण परिवारों को बच्चों को पढ़ाने के लिए जागरुक किया।





# मिशन मंझरिया में नियमित कक्षायें प्रारम्भ

**01 अगस्त, 2024**

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में बी.एड्. विभाग द्वारा उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत गोद लिए गये गांव में मिशन मंझरिया में शिक्षा का अलख जगाने हेतु **पाँच केन्द्र** – रानी लक्ष्मीबाई केन्द्र, माँ सीता शिक्षण केन्द्र, वीर अभिमन्यू शिक्षण केन्द्र, स्वामी विवेकानन्द शिक्षण केन्द्र, सायाजी राव गायकवाड़ शिक्षण केन्द्र पर 01 अगस्त, 2024 से नियमित कक्षायें प्रारम्भ हो गयी छात्राध्यापकों द्वारा पाँचों शिक्षण केन्द्र पर छात्राध्यापकों की टोली बनाकर निःशुल्क पढ़ाने का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया।





# छात्राध्यापकों द्वारा मंझरिया गाँव के छोटे बच्चों को निःशुल्क पुस्तक वितरण कार्यक्रम

05 अगस्त, 2024

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में बी.एड्. विभाग द्वारा उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत मिशन मंझरिया में सेवाकार्य करने जा रहे बी.एड्. के छात्राध्यापकों द्वारा मंझरिया गाँव के पाँचों केन्द्र पर छोटे बच्चों को निःशुल्क पुस्तक बाँटा गया। छोटे बच्चे पुस्तक पाकर अत्यंत हर्षित एवं पढ़ने के लिए उनका मन उल्लास से भर गया।






# स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम

**15 अगस्त, 2024**



उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर के बी.एड्. विभाग के मिशन मंझरिया के अन्तर्गत बी.एड्. प्रशिक्षणार्थियों द्वारा मंझरिया गांव में संचालित विभिन्न शिक्षा केन्द्रों पर 15 अगस्त के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराया गया। 15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस का दिन भारतीयों के लिए गर्व और उत्साह की बात है। इस दिन भारतीय सांस्कृतिक धरोहर स्वतन्त्रता संग्राम के शहीदों और महान नेताओं के संघर्ष का सम्मान करते हुए मनाया जाता है। इसी सम्मान के क्रम में बी.एड्. विभाग द्वारा उन्नत भारत अभियान अन्तर्गत मंझरिया ग्राम में संचालित विभिन्न शिक्षा केन्द्रों जैसे – मां सीता शिक्षण केन्द्र पर ही एक जुट होकर के सभी बच्चे और प्रशिक्षाणियों एक ही केन्द्र पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किये। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत बी.एड्. प्रशिक्षाणर्थियों द्वारा स्वतन्त्रता दिवस के महत्व के विषय में विद्यार्थियों को बताया गया। स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि श्री सन्तराज निषाद तथा मुख्य अतिथि श्री राजेन्द्र निषाद (ग्राम प्रधान) ने झण्डारोहण किया। झण्डारोहण करने के उपरान्त विभिन्न विद्यार्थियों द्वारा जैसे – सौम्या निषाद, सपना, खुश्बू, बेबी, आंचल, पूजा शर्मा, शिवानी आदि द्वारा ग्रुप डांस तथा अंशिका, निधि, रानी द्वारा भाषण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम समाप्त होने के उपरान्त सभी विद्यार्थियों में मिष्ठान्न वितरित कराया गया।



## बी.एड्. विभाग द्वारा उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत गोद लिए गये गांव में साप्ताहिक स्वच्छता अभियान

ग्राम मंझरिया में सेवाव्रती छात्राध्यापकों एवं ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों के द्वारा सप्ताह में एक दिन शनिवार को अपने घर के सामने अपने परिसर क्षेत्र में स्वच्छता कार्यक्रम किया जाता है। इस अभियान के कारण ग्रामवासियों में अपने घर एवं अपने परिसर में सफाई करने के प्रति जागरुकता का विकास होता है। ग्रामवासी अपने परिसर को स्वच्छ बनाते हैं।







## साप्ताहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम

प्रत्येक शुक्रवार को सभी छात्राध्यापक प्रभारी अपने केन्द्र पर पढ़ रहे बच्चों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम करते हैं, जिसमें बच्चों को गायन, नृत्य, कविता आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है। यह कार्यक्रम बच्चों एवं छात्राध्यापकों द्वारा उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह बच्चों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत सहायक होता है।







## बी.एड्. विभाग द्वारा उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत गोद लिए गये गांव में मंझरियां में खेल कार्यक्रम

प्रत्येक सप्ताह शनिवार का मिशन मंझरिया के अन्तर्गत पढ़ाई कार्य स्थगित करके खेल कूद, योग, व्यायाम, प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया जाता है। इससे सभी बच्चों का मनोरंजन होता है। खेल कूद के दौरान बच्चों के शारीरिक विकास के साथ–साथ भावनात्मक विकास भी होता है। यह बच्चों के अन्दर समरसता भाव उत्पन्न करती है। इसके माध्यम से सहयोग, प्रेम तथा अन्य क्रिया–कलाप भी ठीक होता है।





## बच्चों के गृह कार्य का मूल्यांकन करते छात्राध्यापक

उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत गोद लिए गये गांव मंझरिया बी.एड्. विभाग द्वारा प्रत्येक दिन मिशन मंझरिया में बच्चों को निःशुल्क पढ़ाने के साथ–साथ बच्चों के गृह–कार्य का मूल्यांकन छात्राध्यापकों द्वारा किया जाता है। बच्चों के प्रतिदिन के पढ़ाये गये कार्य का यह एक सतत मूल्यांकन है, जिससे उनके सीखने की प्रगति का पता चलता है। साथ ही बच्चे अपने धरों में भी पढ़ाई में व्यस्त रहते हैं।





# गांधी जयन्ती/लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती

02 अक्टूबर, 2024

उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, के बी.एड्. विभाग द्वारा गोद लिए गए गांव मिशन मंझरिया में गांधी जयन्ती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गांधी जयन्ती महात्मा गांधी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाये जाने वाला राष्ट्रीय पर्व है। यह हर साल 02 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मकसद गांधी जी के जीवन का सम्मान करना और शांति और सद्भाव क विचारों को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर विद्यार्थियों को गांधी जयन्ती के विषय में जानकारी दी गई एवं इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गांधी जयंती एवं शांति जयंती इन दोनो महापुरूषों की स्थायी विरासत और उनके द्वारा दिए गए अमूल्य जीवन पाठों को प्रतिबिम्बित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। जैसे–जैसे छात्र अपनी शैक्षिक गतिविधियों जारी रखते हैं, इन दोनो प्रतिष्ठित व्यक्ति के सिद्धानों से बहुत ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति हेतु इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।






## दीपावली त्योहार के अवसर पर दो दिवसीय 25 एवं 26 अक्टूबर, 2024 को दिया बनाओं, दीया सजाओं कार्यक्रम

**25–26 अक्टूबर, 2024**

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में बी.एड्. विभाग के ग्रामीण योजना मिशन मंझरिया के अन्तर्गत मंझरिया ग्राम के विभिन्न शिक्षण केन्द्रों जैसे– पद्मिनी शिक्षण केन्द्र, रानी लक्ष्मी बाई, शिक्षण केन्द्र, जगत जननी माँ सीता शिक्षण केन्द्र, सयाजी राव गायकवाड आदि केन्द्रों पर बी. एड्. छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिकाओं द्वारा दीपावली त्योहार के अवसर पर दो दिवसीय 25 एवं 26 अक्टूबर 2024 को दिया बनाओं, दीया सजाओं कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रय के अन्तर्गत विभिन्न शिक्षण केन्द्रों पर छात्राध्यापकों ने पढ़ने आने वाले विद्यार्थियों एवं महिलाओं का दिया कैस सजाया जाता, उस पर पेन्टिंग करके कैसे आकर्षित बनाया जा सकता है। आर्ट एवं क्राफ्ट के माध्यम से बताया, जिसमें विद्यार्थियों एवं महिलाओं ने बहुत रुचि एवं उत्साह से प्रतिभाग करके दिया निर्माण सीखा। इस कार्यक्रम के अन्त में सभी छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिकाओं ने सभी विद्यार्थियों एवं महिलाओं को दीपावली में जलाने वाले अन्य दिया को भी ऐसे ही सजाने के लिए प्रोत्साहित किया एवं दो दिन तक उन्होंने तल्लीन होकर सीखा उसके लिए उन्हें बधाई भी दिया। कार्यक्रम में जयदीप मुखर्जी, कीर्ति राय, अखिल, विवेक, अंकिता, अंशिका, क्षमा, आँचल, मुकेश आदि छात्राध्यापक उपस्थित रहे।





# मंझरिया ग्रामवासियों के लिए निःशुल्क नेत्र परीक्षण व मोतियाबिंद आपरेशन के लिए चयन शिविर का आयोजन

**08 दिसम्बर, 2024**

उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत मिशन मंझरिया अभियान के तहत मंझरिया ग्रामीण लोगो के लिए श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हास्पिटल एवं रिसर्च सेन्टर तथा गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद आपरेशन हेतु चयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के निर्देशक कर्नल डॉ. हिमांशु दीक्षित ने गोरखनाथ जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया। इस शिविर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण कर मोतियाबिंद, कालामोतिया, भैंगापन तथा आँख की अन्य रोगों की निःशुल्क जाँच भी हुई। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पवन कुमार यादव ने रोगियों का नेत्र परीक्षण किया। फिटनेस परीक्षण डॉ. अनूप श्रीवास्तव वरिष्ठ फिजिशियन द्वारा किया गया। शिविर में कुल 156 रोगियों का रजिस्ट्रेशन हुआ। रोगी को परामर्श के उपरान्त निःशुल्क दवाएँ भी दी गयी तथा 27 रोगियों को नेत्र विभाग द्वारा चिन्हित किया गया, जिन्हें आपरेशन की तारीख दी गयी है। वह रोगी निश्चित तारीख को आकर अपना आपरेशन कराऐंगे। मोतियाबिंद का निःशुल्क आपरेशन बिना टांका विधि से इन्ट्राआक्यूलर लेन्स लगाकर चिकित्सालय में किया जाएगा। इस नेत्र शिविर में मिशन मंझरिया के 29 छात्राध्यापकों ने सहयोग किया।






अमर उजाला

गोरखपुर | सोमवार, 9 दिसंबर 2024 | 7

## निशुल्क नेत्र शिविर में जांच कर दीं दवाएं

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ में नेत्र परीक्षण व मोतियाबिंद आपरेशन के लिए चयन शिविर में 156 मरीजों ने रविवार को पंजीकरण कराया। इस दौरान जांच कर मरीजों को दवाएं दी गईं। 27 रोगियों को ऑपरेशन की तारीख दी गई। शिविर का शुभारंभ गोरखनाथ चिकित्सालय के निदेशक कर्नल डॉ. हिमांशु दीक्षित ने किया। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय हमेशा गरीब, असहाय लोगों की सेवा में तत्पर रहता है। कार्यक्रम में डॉ. दिवाकर मिश्र, डॉ. के के मिश्र, विनोद सिंह नेगी, प्रेम शाही, प्रवीन आदि मौजूद रहे। संवाद



## नि:शुल्क नेत्र परीक्षण

**08 दिसंबर 2024**

उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत गोद लिए गए गाँव की जनता के लिए दिनांक 08 दिसंबर 2024 को योगिराज बाबा गंभीरनाथ सेवाश्रम, जंगल धूसड़, गोरखपुर के बुढ़िया माता मन्दिर परिसर में श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर एवं गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय, गोरखनाथ के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद आपरेशन शिविर का आयोजन किया गया।




27 नेत्र रोगी आपरेशन के लिए चिह्नित

# डिजिटल इंडिया जागरूकता अभियान

09 दिसम्बर, 2024


कम्प्यूटर विभाग द्वारा उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत अभिगृहित ग्राम दर्शन योजना के अंतर्गत, बड़ी जमुनिया में ग्राम भ्रमण किया गया। ग्राम्य दर्शन के इस कार्यक्रम में डिजिटल इंडिया जागरूकता अभियान विषय के आलोक में जन–जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रमुख रूप से – आम जनमानस को डिजिटल ट्रांजेक्शन/पेमेंट के नवीन तरीके, महाविद्यालय द्वारा संचालित कम्प्यूटर साक्षरता हेतु राष्ट्रसंत महंत अवेद्यनाथ निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र, महाविद्यालय द्वारा संचालित ब्रह्मलीन अवेधनाथ निःशुल्क प्राथमिक उपचार आदि विषयों पर ग्रामवासियों में जागरूकता प्रसारित करने का प्रयास किया गया। इस कार्यक्रम में कम्प्यूटर विभाग से श्री सूरज मिश्रा, श्री प्रियांशु श्रीवास्तव, श्रीमती श्रुति शाही, श्रीमती अर्पिता सिंह व 15 विद्यार्थी उपस्थिति रहे। जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उपरोक्त विषयों पर ग्रामवासियों को जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों एवं ग्रामवासियों के मध्य संवाद की कुछ झलकियां।






# प्लास्टिक प्रदूषण : कारण, न्यूनीकरण एवं उपाय के प्रति ग्रामीण जागरूकता अभियान

**13 दिसम्बर, 2024**




उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा गोद लिये गए गाँव जंगल छत्रधारी के अंतर्गत टोला महुआचाफी में ''प्लास्टिक प्रदूषण'' विषय पर जागरूकता अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग के 08 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा गांव में जाकर विद्यार्थियों ने ग्रामीणों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। प्लास्टिक प्रदूषण : सामान्य समझ, प्लास्टिक का जल प्रदूषण पर प्रभाव, प्लास्टिक एवं मृदा प्रदूषण, प्लास्टिक प्रदूषण से बचने के उपाय को बताना, पॉलीथिन, प्लास्टिक के विकल्प को बताना आदि। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामवासियों में प्लास्टिक के पर्यावरण के प्रति होने वाले नुकसान को बताना तथा जागरूकता पैदा कर कपड़े के बैग, इको फ्रेंडली बैग, कागज बैग के उपयोग को बढ़ावा देना है। साथ ही साथ छोटे बच्चों को अपने घर में प्लास्टिक का उपयोग न करने तथा उपयोग होने पर अपने घर के लोगों को टोकने के लिए आग्रह किया गया।



# स्वच्छता एवं पोषण के प्रति जागरूकता अभियान

**16 दिसंबर, 2024**

महाविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा उन्नत भारत अभियान द्वारा गोद लिये गए गाँव रामपुर में ''स्वच्छता एवं पोषण के प्रति जागरूकता अभियान'' सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में एम.एस–सी. रसायन विज्ञान के कुल 14 विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा गाँव के प्राथमिक विद्यालय में जाकर विद्यार्थियों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। शारीरिक स्वच्छता, भोजन से पूर्व एवं पश्चात् हाथ धुलना, हाथो को धुलने का तरीका, संतुलित आहार इस कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. शिवकुमार वर्नवाल और डॉ. राम सहाय, श्रीमती प्रियंका मिश्रा, श्रीमती दिव्या दुबे, श्रीमती नम्रता मिश्रा (सहायक प्रोफेसर, रसायन विज्ञान विभाग), प्रयोगशाला सहायक एवं एम.एस–सी. रसायन विज्ञान के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामवासियों में शारीरिक स्वच्छता, पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति में जागरूकता उत्पन्न करना था।






# प्रदूषण मुक्त ग्राम

**20 दिसंबर, 2024**

उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा गोद लिये गए गाँव जंगल औराही में ''प्रदूषण मुक्त ग्राम'' विषय पर जागरूकता अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में स्नातक भूगोल प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के 55 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा गाँव में जाकर विद्यार्थियों से ग्रामीणों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। प्रदूषण के बारे में बताना, प्रदूषण के कारण को बताना, प्रदूषण से होने वाले नुकसान को बताना, प्रदूषण से बचने के उपाय को बताना, पॉलीथिन प्लास्टिक से होने वाले नुकसान को बताना। इस कार्यक्रम में भूगोल विभाग के सहायक आचार्य डॉ. शालू श्रीवास्तव, डॉ. नीलम गुप्ता, श्री अरविंद कुमार मौर्य तथा भूगोल विभाग के विद्यार्थी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामवासियों में प्रदूषण के प्रति जागरूकता पैदा कर शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में वृद्धि करना था तथा प्रदूषण से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था।






# स्वच्छता रैली

**20 दिसंबर, 2024**

उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत हिन्दी विभाग द्वारा गोद लिए गये गांव में स्वच्छता रैली किया गया। स्वच्छता रैली का उद्देश्य बड़ी रेतवहिया के ग्रामवासियों में जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार और पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना सहित कई उद्देश्यों को प्राप्त करना था। इसका उद्देश्य व्यक्तियों को जिम्मेदार अपशिष्ट प्रबंधन अपनाने, कूड़े को कम करने और सार्वजनिक स्थानों की सफाई में सक्रिय रूप से योगदान देने के लिए प्रेरित करके व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देना था। इसके अतिरिक्त रैली का उद्देश्य सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना, पर्यावरण चुनौतियों का सामूहिक रूप से समाधान करने में जिम्मेदारी और एकता की साझा भावना को प्रोत्साहित करना था। इस कार्यक्रम में हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. आरती सिंह, सहायक आचार्य डॉ. सुधा शुक्ल सहित हिन्दी विभाग के लगभग 40 विद्यार्थी उपस्थित रहें।






# प्लास्टिक प्रदूषण मुक्त जागरूकता अभियान

**27 दिसंबर, 2024**

महाविद्यालय के उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत भूगोल विभाग द्वारा गोद लिये गए गाँव जंगल औराही में ''प्लास्टिक प्रदूषण'' विषय पर जागरूकता अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में स्नातकोत्तर भूगोल तृतीय सेमेस्टर के 15 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा गाँव में जाकर विद्यार्थियों ने ग्रामीणों से निम्नलिखित विषयों पर चर्चा की गई। प्लास्टिक प्रदूषण : सामान्य समझ, प्लास्टिक का जल प्रदूषण पर प्रभाव, प्लास्टिक एवं मृदा प्रदूषण, प्लास्टिक प्रदूषण से बचने के उपाय को बताना, पॉलीथिन, प्लास्टिक के विकल्प को बताना। इस कार्यक्रम में भूगोल विभाग के सहायक आचार्य डॉ. शालू श्रीवास्तव, डॉ. नीलम गुप्ता, श्री अरविंद कुमार मौर्य तथा भूगोल विभाग के विद्यार्थी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामवासियों में प्लास्टिक के पर्यावरण के प्रति होने वाले नुकसान को बताना तथा जागरूकता पैदा कर कपड़े के बैग, इको फ्रेंडली बैग, कागज बैग के उपयोग को बढ़ावा देना है। साथ ही जंगल औराही प्राथमिक विद्यालय में छोटे बच्चों को अपने घर में प्लास्टिक का उपयोग न करने तथा उपयोग होने पर अपने घर के लोगों को टोकने के लिए आग्रह किया गया।






# ग्राम सर्वेक्षण

**29 दिसम्बर, 2024**

रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग द्वारा उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत अधिगृहीत ग्राम जंगल धूसड़, टोला – लालगंज एवं मीरगंज में ग्राम्य–दर्शन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में विभाग के विद्यार्थियों को पूर्व निर्धारित समय प्रातः 10:00 बजे विभाग में बुलाया गया। तत्पश्चात् विद्यार्थियों की उपस्थिति के उपरांत प्रातः 10:30 बजे ग्राम में दर्शन की रूपरेखा को बताते हुए विद्यार्थियों को ग्राम्य–दर्शन हेतु ले जाया गया। ग्राम्य–दर्शन की रूपरेखा के अनुसार विद्यार्थियों को कुल पांच समूहों में बाँटा गया साथ ही प्रत्येक समूह का एक दलनायक भी नियुक्त किया गया। ग्राम भ्रमण के दौरान ग्राम सर्वेक्षण कर गाँव की अनुमानित जनसंख्या, गाँव में घरों की संख्या, गाँवों के प्रतिष्ठित लोगों के विषय में जानकारी और गाँव में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं के विषय में जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा गाँव का मानचित्र भी तैयार किया गया। इस कार्यक्रम में विभाग के दो शिक्षकों के साथ कल 30 विद्यार्थी शामिल हुए। टोली प्रमुख के रूप में विभाग के विद्यार्थी अंशिका सिंह, अरुण कुमार गुप्ता, अमन शुक्ला, शिव सागर और राकेश ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।






# स्वास्थ्य सेवाओं का जागरूकता कार्यक्रम

**29 दिसम्बर, 2024**

प्राचीन इतिहास, पुरातत्त्व एवं संस्कृति विभाग द्वारा उन्नत भारत अभियान द्वारा अधिगृहीत ग्राम जंगल धसड़, टोला–छोटी रेतवाहियाँ में ग्राम्य–दर्शन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में विभाग के चुनिंदा विद्यार्थियों को पूर्व निर्धारित समय प्रातः 10:00 बजे विभाग में बुलाया गया। तत्पश्चात् विद्यार्थियों की उपस्थिति के उपरांत प्रातः 10:30 बजे ग्राम में दर्शन की रूपरेखा को बताते हुए विद्यार्थियों को ग्राम्य–दर्शन हेतु ले जाया गया। ग्राम्य–दर्शन की रूपरेखा के अनुसार विद्यार्थियों को पांच–पांच के आठ समूहों में बाँटा गया साथ ही प्रत्येक समूह का एक दलनायक भी नियुक्त किया गया। ग्राम भ्रमण के दौरान ग्रामवासियों को ठंड जनित बीमारियां जानकारी एवं बचाव के संबंध में विभागीय शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। इसके साथ ही ग्रामवासियों को केंद्र सरकार द्वारा संचालित आयुष्मान भारत – प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं आयुष्मान भारत – राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा योजना से भी परिचित कराया गया एवं तत्सम्बन्धित लाभार्थी का आँकड़ा एकत्रित किया गया। इसी क्रम में उन्हें महाविद्यालय द्वारा संचालित हो रहे राष्ट्र संत महंत अवेद्यनाथ निःशुल्क प्राथमिक उपचार केंद्र के विषय में भी जानकारी प्रदान किया गया।






## जन जागरूकता अभियान

**26 जनवरी, 2025**

उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत हिन्दी विभाग द्वारा अधिगृहीत ग्राम जंगल धूसड़, टोला – बड़ी रेतवाहिया में ग्राम्य–दर्शन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में विभाग के चुनिंदा विद्यार्थियों को लेकर विभाग की शिक्षिकाएं ग्राम में दर्शन की रूपरेखा को बताते हुए ग्राम्य दर्शन हेतु गयी। जहाँ ग्राम भ्रमण के दौरान ग्रामवासियों को ठंड जनित बीमारियां : जानकारी एवं बचाव के संबंध में विभागीय शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।









# औषधीय पौध रोपण अभियान

**26 जनवरी, 2025**

उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत अधिगृहीत ग्राम जंगल धूसड़, टोला – नवका टोला में गृह विज्ञान विभाग द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम के तहत औषधीय पौधों का रोपण किया गया। जिसमें आम, आँवला, मीठी नीम की पत्ती, पीपल, गेंदा, गुलाब, ऐलोवेरा आदि पौधा विभाग की शिक्षिकाओं एवं छात्राओं द्वारा लगवाया गया। ग्रामवासियों को औषधीय पौधों के महत्व, उपयोग एवं औषधीय पौधों को लगाकर कैसे ग्रामवासी धनोपार्जन कर सकते हैं। यह सब भी बताया गया। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में 'मिशन मंझरिया' के अन्तर्गत लगाया गया स्वास्थ्य शिविर ग्राम मंझरिया में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाइयां बांटी गयी।









# निःशुल्क चिकित्सा शिविर

05 फरवरी, 2025

उन्नत भारत अभियान द्वारा गोद लिए गये गांव जंगल धूसड़, टोला–मंझरिया में शिविर लगाने से एक दिन पूर्व मिशन मंझरिया के सेवाव्रती छात्राध्यापकों ने पूरे गाँव में घूमकर शिविर लगने की सूचना गाँव वालों को दी। साथ ही अपने स्वास्थ्य को कैसे ठीक से रखा जा सकता है, इन सबके बारे में छात्राध्यापकों ने जागरुक किया। शिविर का समय आदि बताया।





## निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं दवा वितरण कार्यक्रम


**06 फरवरी, 2025**

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर के बी.एड्. विभाग द्वारा उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत गोद लिए गए गाँव जंगल धूसड़ के अंतर्गत अभिगृहित टोला मंझरिया में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गुरु श्री गोरखनाथ चिकित्सालय गोरखपुर के चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र कुमार मिश्र ने कैम्प में आये हुए ग्रामवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें रोग के अनुसार निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया। शिविर में उन बीमारियों की जाँच की गई जो सामान्यतः ग्रामवासियों में दिखाई पड़ती है जैसे उच्च रक्तचाप, शुगर, मौसमी बुखार, सांस लेने की समस्या, मोटापा, गठिया इत्यादि। स्वास्थ्य शिविर में कुल 54 ग्रामवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयां वितरित की गई। शिविर का संयोजन संयुक्त रूप से बी.एड्. विभाग के शिक्षक श्री शैलेन्द्र सिंह एवं श्री जितेन्द्र प्रजापति ने किया तथा बी.एड्. चतुर्थ सेमेस्टर के कुल 38 छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिकाओं ने सहयोग किया।











'मिशन मंझरिया' से 28 हजार मरीजों को मिली चिकित्सा सुविधा


'मिशन मंझरिया' से 28 हजार मरीज लाभांवित

चिकित्सा शिविर

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं दवा वितरण कार्यक्रम

**07 फरवरी, 2025**



एक शिक्षण संस्था नियमित पाठ्यक्रमों से शिक्षा के प्रसार के साथ समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों की चिकित्सा सेवा भी कर सकती है, इसका उदाहरण प्रस्तुत किया है महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ ने। इस कॉलेज के बी.एड्. विभाग ने टोला मंझरिया को गोद लेकर इस गांव को शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुदृढ़ करने के लिए वर्ष 2016 से 'मिशन मंझरिया' नामक एक सामाजिक प्रकल्प शुरू किया है। इस मिशन के तहत लगने वाले निशुल्क चिकित्सा शिविर के जरिये अब तक 28 हजार मरीज चिकित्सा सुविधा प्राप्त कर चुके हैं। महाराणा प्रताप महाविद्यालय में बी.एड्. विभाग की अध्यक्ष श्रीमती शिप्रा सिंह बताती हैं कि महाविद्यालय के संरक्षक एवं मार्गदर्शक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से मंझरिया में शिक्षा और चिकित्सा से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए 'मिशन मंझरिया' की शुरुआत की गई। इस मिशन के तहत गांव के बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने की व्यवस्था है तो लोगों को चिकित्सा सुविधा देने के लिए गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के सहयोग निःशुल्क शिविर आयोजित किए जाते हैं। ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की स्मृति में चिकित्सा शिविर सप्ताह में दो दिन बुधवार और गुरुवार को लगाए जाते हैं। इस गुरुवार को महाराणा प्रताप महाविद्यालय, के बी.एड्. विभाग के अभिगृहित ग्राम जंगल धूसड़, टोला मंझरिया में 'मिशन मंझरिया' के अंतर्गत फ्री मेडिकल कैम्प लगाया गया। इसमें गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के चिकित्सक जितेन्द्र कुमार मिश्र ने कैम्प में आये हुए ग्रामीणों की जांच और इलाज किया एवं रोग के अनुसार निःशुल्क दवा का वितरण किया। कुल 54 मरीजों को मुफ्त इलाज और दवा की सुविधा प्राप्त हुई। कैम्प में बी.एड्. विभाग के शिक्षक शैलेंद्र सिंह और जितेंद्र प्रजापति के मार्गदर्शन में बी.एड्. चतुर्थ सेमेस्टर के कुल 38 छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिकाओं ने सहयोग किया।





# 'मिशन मंझरिया' से 28 हजार मरीज लाभांवित

**चिकित्सा शिविर**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। जंगल धूसड़ स्थित महाराणा प्रताप महाविद्यालय (एमपीपीजी कॉलेज) शिक्षा के प्रसार के साथ समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों की चिकित्सा सेवा कर रहा है।

इस कॉलेज के बीएड विभाग ने मंझरिया गांव को गोद लेकर इस गांव को शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुदृढ़ करने के लिए वर्ष 2016 से मिशन मंझरिया नामक एक सामाजिक प्रकल्प शुरू किया है। इस मिशन के तहत लगने वाले निशुल्क चिकित्सा शिविर के जरिए अब तक 28 हजार मरीज चिकित्सा सुविधा प्राप्त कर चुके हैं।

मंझरिया गांव मे आयोजित स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

महाविद्यालय में बीएड विभाग की अध्यक्ष शिप्रा सिंह ने बताया कि महाविद्यालय के संरक्षक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से मंझरिया गांव में शिक्षा और चिकित्सा से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए मिशन मंझरिया की शुरुआत की गई।

ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की स्मृति में चिकित्सा शिविर सप्ताह में दो दिन बुधवार और गुरुवार को लगाए जाते हैं। गुरुवार को महाराणा प्रताप महाविद्यालय के बीएड विभाग द्वारा गांव में मिशन मंझरिया के अंतर्गत फ्री मेडिकल कैम्प लगाया गया।

इसमें गोरक्षनाथ चिकित्सालय के डॉ जितेन्द्र कुमार मिश्र ने कैम्प में आये हुए ग्रामीणों की जांच और इलाज किया। ग्रामीणों को बीमारी के अनुसार निशुल्क दवा का वितरण किया। कुल 54 मरीजों को मुफ्त इलाज और दवा की सुविधा प्राप्त हुई। कैम्प में बीएड विभाग के शैलेंद्र सिंह, जितेंद्र प्रजापति के साथ बीएड चतुर्थ सेमेस्टर के 38 छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिकाएं मौजूद रहीं।

# 'मिशन मंझरिया' से 28 हजार मरीजों को मिल चुकी है चिकित्सा सुविधा

- महंत अवेद्यनाथ की स्मृति में हफ्ते में दो दिन आयोजित होता है निश्शुल्क चिकित्सा शिविर
- गुरुवार को 54 मरीजों की निश्शुल्क जांच व इलाज कर वितरित की गई दवाएं

गोरखपुर: महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ ने शिक्षा के प्रसार के साथ ही समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों की चिकित्सा सेवा करने का नायाब उदाहरण प्रस्तुत किया है। महाविद्यालय के बीएड विभाग ने मंझरिया गांव को गोद लेकर इसे शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुदृढ़ करने के उद्देश्य से वर्ष 2016 से 'मिशन मंझरिया' नाम से एक सामाजिक प्रकल्प शुरू किया। इसके तहत अब तक निश्शुल्क चिकित्सा शिविर के जरिए गांव के 28 हजार मरीज चिकित्सा सुविधा से लाभान्वित हो चुके हैं।

महाविद्यालय में बीएड विभाग की अध्यक्ष शिप्रा सिंह ने बताया कि महाविद्यालय के संरक्षक एवं मार्गदर्शक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से गांव में शिक्षा और चिकित्सा से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए 'मिशन मंझरिया' की शुरुआत की गई। इस मिशन के तहत गांव के बच्चों को निश्शुल्क शिक्षा देने की व्यवस्था है तो लोगों को चिकित्सा



मिशन मंझरिया के तहत स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक • सौजन्य स्वयं

सुविधा देने के लिए गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के सहयोग निश्शुल्क शिविर भी आयोजित किए जाते हैं। ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ महाराज की स्मृति में सप्ताह में दो दिन बुधवार और गुरुवार को चिकित्सा शिविर लगाए जाते हैं।

गुरुवार को ग्राम मंझरिया में 'मिशन मंझरिया' के अंतर्गत निश्शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। इसमें गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के चिकित्सक जि… कुमार मिश्र ने शिविर में आए 5… ग्रामीणों का इलाज कर उन्हें रोग … अनुसार निश्शुल्क दवाएं वितरित कीं। इस दौरान बीएड विभाग के शिक्षक शैलेंद्र सिंह और जितेंद्र प्रजापति … मार्गदर्शन में बीएड चतुर्थ सेमेस्टर … कुल 38 छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिकाओं ने सहयोग किया।

# 'मिशन मंझरिया' से 28 हजार मरीज लाभांवित

## चिकित्सा शिविर

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। जंगल धूसड़ स्थित महाराणा प्रताप महाविद्यालय (एमपीपीजी कॉलेज) शिक्षा के प्रसार के साथ समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों की चिकित्सा सेवा कर रहा है।

इस कॉलेज के बीएड विभाग ने मंझरिया गांव को गोद लेकर इस गांव को शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुदृढ़ करने के लिए वर्ष 2016 से मिशन मंझरिया नामक एक सामाजिक प्रकल्प शुरू किया है। इस मिशन के तहत लगने वाले निशुल्क चिकित्सा शिविर के जरिए अब तक 28 हजार मरीज




मंझरिया गांव में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

चिकित्सा सुविधा प्राप्त कर चुके हैं।

महाविद्यालय में बीएड विभाग की अध्यक्ष शिप्रा सिंह ने बताया कि महाविद्यालय के संरक्षक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से मंझरिया गांव में शिक्षा और चिकित्सा से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए मिशन मंझरिया की शुरुआत की गई।

ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की स्मृति में चिकित्सा शिविर सप्ताह में दो दिन बुधवार और गुरुवार को लगाए जाते हैं। गुरुवार को महाराणा प्रताप महाविद्यालय के बीएड विभाग द्वारा गांव में मिशन मंझरिया के अंतर्गत फ्री मेडिकल कैम्प लगाया गया।

इसमें गोरखनाथ चिकित्सालय के डॉ जितेन्द्र कुमार मिश्र ने कैम्प में आये हुए ग्रामीणों की जांच और इलाज किया। ग्रामीणों को बीमारी के अनुसार निशुल्क दवा का वितरण किया। कुल 54 मरीजों को मुफ्त इलाज और दवा की सुविधा प्राप्त हुई। कैम्प में बीएड विभाग के शैलेंद्र सिंह, जितेंद्र प्रजापति के साथ बीएड चतुर्थ सेमेस्टर के 38 छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिकाएं मौजूद रहीं।

# पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण के प्रति जागरूकता

**दिनांक – 9 फरवरी 2025**

पर्यावरण संरक्षण आज के समय की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकताओं में से एक हैस बढ़ते प्रदूषण, वनों की कटाई, प्लास्टिक उपयोग जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के अनियंत्रित दोहन के कारण पृथ्वी संकट में है। इसी संदर्भ में पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत गोद लिए गए गाँव जंगल घूसड़ टोला हसनगंज में शिक्षा शास्त्र एवं रोवर्स/रेंजर्स के संयुक्त तत्वाधान में पर्यावरण जागरूकता एवं प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण रैली का आयोजन किया गया सरैली का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण तथा प्लास्टिक अनुप्रयोग करने के प्रति जागरूक करना था। इसमें प्लास्टिक उपयोग को कम करने जल संरक्षण, वृक्षारोपण और स्वच्छता जैसे विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया। रैली की शुरुआत महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ से प्रारंभ होकर टोला हसनगंज तक गई। जिसमें छात्र–छात्राएं एवं शिक्षक सम्मिलित हुए प्रतिभागियों ने हाथों में बैनर और पोस्टर लिए थे, जिन पर पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संदेश लिखे गए थे। रैली में प्रतिभागियों ने जागरूकता फैलाने के लिए नारे लगाए एवं आम जन से अपील की कि आप, वृक्षारोपण, स्वच्छता, प्लास्टिक मुक्त अभियान से जुड़े सलोगों ने प्लास्टिक बैग की जगह कागज और कपड़े के थैले अपनाने का संकल्प लिया एवं वृक्षारोपण और जल बचाने की प्रतिज्ञा ली। विद्यार्थियों में भी पर्यावरण एवं प्लास्टिक के दुश्परिणाम के प्रति जागरूकता बढी। रैली के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि हम सबको मिलकर धरती को बचाने के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। प्रत्येक व्यक्ति अपने स्तर पर योगदान दें तो हम अपने पर्यावरण को स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित बना सकते हैं। सजागरूकता रैली में 28 विद्यार्थी सहित शिक्षा शास्त्र विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती पुष्पा निषाद, रोवर्स/रेंजर्स प्रभारी श्री शैलेंद्र कुमार सिंह एवं श्री रितेंद्र नाथ पांडेय मौजूद रहे।









# उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत निःशुल्क सिलाई–कढ़ाई प्रशिक्षण

**14 फरवरी, 2025**

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में उन्नत भारत ग्राम अभियान के अंतर्गत बाबा गंभीरनाथ निःशुल्क सिलाई – कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र एवं मिशन मंझरिया के संयुक्त तत्वाधान में सप्तदिवसीय निःशुल्क सिलाई – कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर बी.एड्. विभाग की अध्यक्ष श्रीमती शिप्रा सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं का आत्मनिर्भर होना प्रगतिशील समाज की आवश्यकता है। जितना ही महिलाएं आत्मनिर्भर होंगी। हमारा समाज और राष्ट्र प्रगति करेगा। आज विकसित भारत की संकल्पना में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने उनके आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए भारत सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्नत भारत अभियान भी इसी कड़ी की एक महत्वपूर्ण योजना है, जो उच्च शिक्षण संस्थाओं द्वारा गाँव के सतत् विकास के लिए शामिल है। श्रीमती सिंह ने आगे कहा कि महाविद्यालय द्वारा इसी क्रम में बाबा गंभीरनाथ निःशुल्क सिलाई–कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र संचालित है। जिसमें 30–30 महिलाओं का दो बैच बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निःशुल्क सिलाई – कढ़ाई प्रशिक्षण दिया जाता है। इस योजना के अंतर्गत आस–पास की ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाता है। इसके साथ ही बी.एड्. विभाग के छात्राध्यापकों द्वारा मंझरिया को गोद लेकर मिशन मंझरिया निःशुल्क स्वास्थ्य एवं शिक्षा कार्यक्रम, स्वच्छता, स्वावलंबन की दिशा में अनेक कार्यक्रम चलाये जाते हैं। बाबा गंभीरनाथ निःशुल्क सिलाई–कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र एवं मिशन मंझरिया संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा गोद लिए गाँव छोटी रेवतहिया, बड़ी रेवतहिया, मंझरिया तथा हसनगंज की अत्यधिक जरूरतमंद 30 महिलाओं का चयन कर बाबा गंभीरनाथ निःशुल्क सिलाई – कढ़ाई केंद्र की प्रशिक्षिका श्रीमती कमलावती जी द्वारा निःशुल्क सिलाई–कढ़ाई का प्रशिक्षण देकर इन्हें आर्थिक स्वावलंबन की दिशा मे अग्रसर करने का कार्य किया जाता है। कार्यशाला के प्रथम दिवस पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं में तीव्र उत्साह दिखा। प्रशिक्षिका द्वारा उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को सिलाई मशीन के विभिन्न उपकरणों, उनके कार्यप्रणालियों एवं इनमें रख–रखाव तथा मरम्मत का प्रशिक्षण दिया गया।





## महिला स्वावलंबन से ही होगा स्वावलंबी भारत का निर्माण : शिप्रा सिंह

भास्कर ब्यूरो



गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में उन्नत भारत ग्राम के अंतर्गत बाबा गंभीरनाथ निःशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र एवं मिशन मंझरिया के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को सात दिवसीय निःशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर बीएड विभाग की अध्यक्ष शिप्रा सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महिला स्वावलंबन से ही स्वावलंबी भारत का निर्माण संभव होगा।

शिप्रा सिंह ने कहा कि एमपीपीजी कॉलेज ने हमेशा ही महिलाओं के स्वावलंबन के लिए पहल की है। सिलाई-कढ़ाई का निःशुल्क प्रशिक्षण इसी पहल की महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का आत्मनिर्भर होना प्रगतिशील समाज की आवश्यकता है। जितना ही महिलाएं आत्मनिर्भर होंगी हमारा समाज, राष्ट्र उतनी ही तेजी से प्रगति करेगा। आज विकसित भारत की संकल्पना में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने उनके आर्थिक, सामाजिक विकास के लिए भारत सरकार द्वारा अनेक योजनाएँ चलायी जा रही हैं।

**● एमपीपीजी कॉलेज जंगल धूसड़ के उन्नत भारत अभियान के तहत सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू**

महाराणा प्रताप महाविद्यालय द्वारा इसी क्रम में बाबा गंभीरनाथ निःशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केन्द्र संचालित है। जिसमें 30-30 महिलाओं का दो बैच बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निःशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण दिया जाता है। योजना के तहत आस-पास की ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाता है। साथ ही महाविद्यालय के बीएड विभाग के छात्राध्यापकों द्वारा मंझरिया गांव को गोद लेकर मिशन मंझरिया निःशुल्क स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता स्वावलंबन कार्यक्रम चलाया जाता है। बाबा गंभीरनाथ निःशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र एवं मिशन मंझरिया दोनों के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा गोद लिए गांवों छोटी रेलवहिया, बड़ी रेलवहिया, मंझरिया तथा हसनगंज की अत्यधिक जरूरतमंद महिलाओं का चयन कर बाबा गंभीरनाथ निःशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षिका श्रीमती कमलावती द्वारा निःशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण देकर इन्हें आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में अग्रसर करने का कार्य प्रारंभ हुआ है।

## महिला स्वावलंबन से ही होगा स्वावलंबी भारत का निर्माण-शिप्रा सिंह

गोरखपुर, 14 फरवरी। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में उन्नत भारत ग्राम के अंतर्गत बाबा गंभीरनाथ निःशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र एवं मिशन मंझरिया के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को सात दिवसीय निःशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर बीएड विभाग की अध्यक्ष शिप्रा सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महिला स्वावलंबन से ही स्वावलंबी भारत का निर्माण संभव होगा।



शिप्रा सिंह ने कहा कि एमपीपीजी कॉलेज ने हमेशा ही महिलाओं के स्वावलंबन के लिए पहल की है। सिलाई-कढ़ाई का निःशुल्क प्रशिक्षण इसी पहल की महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का आत्मनिर्भर होना प्रगतिशील समाज की आवश्यकता है। जितना ही महिलाएं आत्मनिर्भर होंगी हमारा समाज, राष्ट्र उतनी ही तेजी से प्रगति करेगा। आज विकसित भारत की संकल्पना में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने उनके आर्थिक, सामाजिक विकास के लिए भारत सरकार द्वारा अनेक योजनाएँ चलायी जा रही हैं।

शिप्रा सिंह ने कहा कि उन्नत भारत अभियान भी एक महत्वपूर्ण योजना है, जो उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा गांवों के सतत विकास के लिए शामिल है। महाराणा प्रताप महाविद्यालय द्वारा इसी क्रम में बाबा गंभीरनाथ निःशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केन्द्र संचालित है। जिसमें 30-30 महिलाओं का दो बैच बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निःशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण दिया जाता है। इस योजना के तहत आस-पास की ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाता है। साथ ही महाविद्यालय के बीएड विभाग के छात्राध्यापकों द्वारा मंझरिया गांव को गोद लेकर मिशन मंझरिया निःशुल्क स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता स्वावलंबन कार्यक्रम चलाया जाता है।

**❖ एमपीपीजी कॉलेज जंगल धूसड़ के उन्नत भारत अभियान के तहत निःशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू**

# उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत निःशुल्क सिलाई–कढ़ाई प्रशिक्षण

**15 फरवरी, 2025**

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत बाबा गंभीर नाथ निःशुल्क सिलाई–कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र एवं मिशन मंझरिया के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला के दूसरे दिन प्रशिक्षिका श्रीमती कमलावती जी द्वारा पेपर कटिंग, सिलाई और पेंटिंग का प्रशिक्षण दिया गया।










PARIS

# जन–जागरूकता कार्यक्रम

**16 फरवरी, 2025**

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर के गणित एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा उन्नत भारत अभियान के तहत ग्राम जंगल धूसड़ टोला धोधड़ा में ग्राम भ्रमण किया गया। ग्राम्य दर्शन के इस कार्यक्रम में जन–जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रमुख रूप से गाँवों में साक्षरता के प्रति जागरूकता अभियान, गाँवों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान, महाविद्यालय द्वारा संचालित कम्प्यूटर साक्षरता हेतु राष्ट्रसंत महंत अवेद्यनाथ निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र, महाविद्यालय द्वारा संचालित ब्रह्मलीन अवेद्यनाथ निःशुल्क प्राथमिक उपचार आदि विषयों पर ग्रामवासियों में जागरूकता प्रसारित किया गया। इस कार्यक्रम में गणित एवं सांख्यिकी विभाग से श्री पप्पू कुमार गुप्ता (प्रभारी), सुश्री तान्या श्रीवास्तव, श्री अनिल कुमार मौर्य व 12 विद्यार्थी उपस्थित रहे। जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उपरोक्त विषयों पर ग्रामवासियों को जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों एवं ग्रामवासियों के मध्य संवाद की कुछ झलकियां।






# स्वास्थ्य शिविर

**16 फरवरी, 2025**

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत हिन्दी विभाग द्वारा अधिगृहित जंगल धूसड़ टोला बड़ी रेतवहिया में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में गोरखनाथ चिकित्सालय के डॉ. जितेंद्र मिश्र ने मरीजों के स्वास्थ्य की निःशुल्क जाँच कर निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया। इस दौरान अधिकतर वायरल बुखार, सर्दी, खांसी, जुखाम, सिरदर्द, उल्टी–दस्त, गैस, इन्फेक्शन आदि बीमारियों से पीड़ित गाँव के मरीज अपनी जाँच कराने व दवा लेने आए। मरीजों की जाँच कर रहे चिकित्सक डॉ. जितेंद्र मिश्र ने बताया कि इस समय बीमारियों से बचने के लिए सभी को सावधानी रखने की आवश्यकता है। इसके अलावा वर्तमान में चल रहे सर्द और गर्म के मिले जुले मौसम के प्रभाव से सावधान रहने को कहा। जिसमें बीमारियां हावी होने का प्रयास करती हैं। स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। ताजे भोजन के अलावा पानी गरम करके पीने की हिदायत दी। स्वास्थ्य संबंधित समस्या अधिक होने पर लापरवाही न बरतते हुए तुरंत जाँच करवाने और अस्पताल दिखाने की सलाह दी। बच्चों को बीमारी से बचाने के लिए उन्हें फास्ट फूड से दूर रखने की बात कही। इस अवसर पर हिन्दी विभाग की अध्यक्ष डॉ. आरती सिंह एवं सहायक आचार्य डॉ. सुधा शुक्ल सहित 11 विद्यार्थी एवं जाँच कराने आए ग्रामवासी उपस्थित रहे।









## कार्यशाला का तृतीय दिवस

**16 फरवरी, 2025**

उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत बाबा गंभीरनाथ निःशुल्क सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केन्द्र एवं मिशन मंझरिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सिलाई–कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला के तीसरे दिन ग्रामीण महिलाओं को वस्त्रों की कटिंग एवं पेटीकोट सिलना सिखाया गया।





# कार्यशाला का चतुर्थ दिवस

**17 फरवरी, 2025**

उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत बाबा गंभीरनाथ निःशुल्क सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केन्द्र एवं मिशन मंझरिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सिलाई–कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला के चौथे दिन ग्रामीण महिलाओं को वस्त्रों की सिलाई एवं कढ़ाई का प्रशिक्षण दिया गया।






# निःशुल्क सिलाई–कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला

**18 फरवरी, 2025**

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत बाबा गंभीरनाथ निःशुल्क सिलाई–कढ़ाई प्रशिक्षण केन्द्र एवं मिशन मंझरिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क सिलाई–कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला के पाँचवें दिन ग्रामीण महिलाओं को पेपर पर वस्त्रों की कटिंग सिखाई गई।






## कार्यशाला का पंचम दिवस

**18 फरवरी, 2025**

उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत बाबा गंभीरनाथ निःशुल्क सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केन्द्र एवं मिशन मंझरिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सिलाई–कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला के पाँचवें दिन ग्रामीण महिलाओं को पेपर पर वस्त्रों की कटिंग सिखाई गई।





# कार्यशाला का षष्ठम् दिवस

**19 फरवरी, 2025**

उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत बाबा गंभीरनाथ निःशुल्क सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केन्द्र एवं मिशन मंझरिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सिलाई–कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला के छठवें दिन ग्रामीण महिलाओं को मशीन पर विविध प्रकार के वस्त्रों की कटिंग एवं सिलाई का प्रशिक्षण दिया गया।





# कार्यशाला समारोप दिवस

**20 फरवरी, 2025**

किसी भी राष्ट्र की उन्नति में महिलाओं की अहम भूमिका है। आज वर्तमान समय में महिला सशक्तीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्वतंत्रता से पूर्व महिलाओं की स्थिति सामाजिक दृष्टिकोण से ठीक नहीं थी। स्वतंत्रता के बाद से ही महिलाओं की स्थिति पर निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। आज वर्तमान समय में प्रत्येक क्षेत्र में महिलाएँ अहम भूमिका में है। इसी क्रम में महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर के उन्नत भारत ग्राम अभियान में बाबा गंभीरनाथ निःशुल्क सिलाई–कढ़ाई प्रशिक्षण केन्द्र एवं मिशन मंझरिया के संयुक्त तत्वावधान में सप्तदिवसीय निःशुल्क सिलाई–कढ़ाई पेंटिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। सात दिनों में सिलाई–कढ़ाई केन्द्र की प्रशिक्षिका श्रीमती कमलावती जी द्वारा ग्रामीण महिलाओं को वस्त्रों की कटाई, सिलाई–कढ़ाई और विविध प्रकार की पेंटिंग का प्रशिक्षण



दिया गया। आज सप्तदिवसीय कार्यशाला के समारोप में महिलाओं द्वारा सात दिनों में सीखे कार्यों की प्रदर्शनी लगायी गयी। यह सप्तदिवसीय कार्यशाला प्रशिक्षण महिलाओं की आर्थिक स्थिति को सुधारेगी। महिलाएँ स्वरोजगार की ओर प्रेरित होंगी क्योंकि महिला आत्मनिर्भरता का अर्थ केवल आर्थिक क्षेत्र में ही न होकर अन्य क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण है। महिलाओं का परिवार एवं समाज की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान है। इस कार्यशाला के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को सिलाई मशीन के उपकरण एवं क्रियाविधि के साथ–साथ कुशल संचालन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रदर्शनी का अवलोकन आस–पास के ग्रामीण लोग और महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा किया गया।







हिन्दुस्तान

गोरखपुर, शुक्रवार, 21 फरवरी 2025 07

## एमपी पीजी में लगाई स्वनिर्मित वस्त्रों की प्रदर्शनी

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में उन्नत भारत ग्राम अभियान के तहत बाबा गंभीरनाथ नि:शुल्क सिलाई–कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र एवं मिशन मंझरिया के संयुक्त तत्वावधान में सप्तदिवसीय कार्यशाला का गुरुवार को समापन हो गया। अंतिम दिन महिलाओं ने सात दिन सीखे कार्यों के आधार पर स्वनिर्मित वस्त्रों की प्रदर्शनी लगाई। केंद्र की प्रशिक्षिका कमलावती ने ग्रामीण महिलाओं को वस्त्रों की कटाई, सिलाई–कढ़ाई और पेंटिंग का प्रशिक्षण दिया।


SINGER


SINGER


SINGER

## दहेज मुक्त भारत अभियान के प्रति जागरूकता

09 मार्च, 2025




महाविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत गोद लिये गए गाँव रामपुर में ''दहेज मुक्त भारत अभियान के प्रति जागरूकता'' कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में रसायन विज्ञान विभाग के सभी शिक्षक, प्रयोगषाला सहायक तथा गोद लिए गये 18 विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा दहेज मुक्त भारत अभियान के लिये एक जनजागरूकता रैली निकाली गई तथा गाँव के लोगों से वार्ता करके दहेज मुक्त भारत अभियान के लिए शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. शिव कुमार वर्नवाल द्वारा किया गया।







